तो इस तरह इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन पर महाराजा हरी सिंह ने हस्ताक्षर किए और भारत सरकार के गवर्नर जनरल लॉर्ड माउंटबेटन ने उसको स्वीकार किया जिसके फलस्वरूप जम्मू-काश्मीर भारत का अविभाज्य अंग बन गया। उसके बाद जम्मू-काश्मीर की जो कांस्टीट्यूएंट एसेंबली थी या संविधान सभा थी, उसने भी इसको बिना किसी शर्त के स्वीकार किया। उपसभाध्यक्ष महोदय, जम्मू-काश्मीर का जो संविधान है, उसमें भी इस बात की चर्चा है धारा-3 में जिसको कि मैं उद्धृत करना चाहूंगा

> "The Jammu and Kashmir State is and shall be an integral part of India."

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह सही है जैसाकि अभी कटारिया जी भी बोल रहे थे कि चाहे 1947 रहा हो जिस समय महाराजा हरी सिंह ने इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन पर हस्ताक्षर किए थे, वह महाराजा हरी सिंह की तो मजबूरी हो ही गयी थी, मैं उसकी पृष्ठभूमि में नहीं जाना चाहूंगा, लेकिन जम्मू-काश्मीर के जो उस समय के निर्विवाद नेता शेख अब्दुल्ला थे, वह भी चाहते थे कि भारत में ही जम्मू-काश्मीर शामिल किया जाए, इसलिए चाहे 1947 रहा हो, चाहे 65 रहा हो या 1971 रहा हो, जब-जब पाकिस्तान से विवाद हुआ जम्मू-काश्मीर के लोगों ने भारतवर्ष का साथ दिया, आज तक कभी पाकिस्तान का साथ नहीं दिया। इस पृष्ठभूमि को हमें याद रखना चाहिए, लेकिन आज जम्मू-काश्मीर में पिछड़ापन है, गरीबी है और वहां विकास के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। यह भी सही है कि भारत सरकार प्रचुर मात्रा में वहां के लिए बजट दे रही है, लेकिन जिन कामों के लिए धन दिया जा रहा है - विकास के कार्यों के लिए या बेरोजगारी दूर करने के लिए, उन कार्मों पर वह रुपया नहीं लगाया जा रहा है। उसका दुरुपयोग किया जा रहा है या भ्रष्टाचार के जरिए उस धन का दुरूपयोग हो रहा है। मैं चाहूंगा कि भारत सरकार को इस ओर निश्चित रूप से ध्यान देना चाहिए।

दूसरे, मै ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि कभी-कभी संयुक्त राष्ट्र संघ में इस बात की चर्चा की जाती है कि वहां पर रायजानी होनी चाहिए। उपसभाध्यक्ष महोदय, उसके संबंध में 13 अगस्त, 1948 और विशेषकर 5 जनवरी, 1949 को जो संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रस्ताव पारित हुआ था और जिसे भारत सरकार ने स्वीकार किया था, उसको ओर जो लोग भारत के मित्र नहीं हैं, वह ध्यान आकर्षित करते हैं।

3.00 P.M.

और, 13 अगस्त, 1948 के संयुक्त राष्ट्र संघ में, जिसको भारत सरकार ने स्वीकार किया था उसमें कहा गया था

(अ) पाकिस्तान की सरकार जम्मू व कश्मीर से अपनी सेना वापस बुलाना स्वीकार करे।

(ब) पाकिस्तान की वापिसी के बाद पाकिस्तानी सैनिक जो क्षेत्र खाली कर जाएंगे, उसका प्रशासन स्थानीय अधिकारी आयोग की देखरेख में चलाएंगे।

(स) भारत सरकार राज्य से अपनी अधिकांश सेना, आयोग के साथ तय किए गए चरणों में हटा लेगी,
और अन्त में

(द) भारत और पाकिस्तान की सरकारों ने

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

> अपनी इस इच्छा की दुबारा पुष्टि की कि राज्य की भावी स्थिति के बारे में लोगों की इच्छा के अनुसार फैसला किया जाए।

लेकिन आज भी भारतवर्ष का और जम्मू-कश्मीर का एक बहुत बड़ा हिस्सा पाकिस्तान के अनधिकृत कब्जे में हैं। पाकिस्तान ने अपना कब्जा उससे वापस नहीं हटाया है। इसी कारण अभी जिस दिन सत्र प्रारंभ हुआ, 22 फरवरी, 1994 को, संसद के दोनों सदनों में जो प्रस्ताव इस संबंध में पारित किया गया। उसमें भी यह कहा गया है:—

> "Pakistan should vacate the areas of the Indian State of Jammu and Kashmir, which they have occupied through aggression;"

प्रस्ताव तो संसद ने पास कर दिया। एक प्रस्ताव 14 नवम्बर, 1962 को भी भारत के संसद ने पारित किया था चीन के संबंध में कि चीन के अनधिकृत कब्जे में जो भूमि है उसको जब तक वापस नहीं लेंगे चैन से नहीं बैठेंगे। यह प्रस्ताव आज भी संसद की किताबों में, डिबेट में रखा हुआ हैं। तो मैं यह जानना चाहूंगा कि इस प्रस्ताव में जो उद्घोषणा है इसके संबंध में जो अनधिकृत भूमि पाकिस्तान के कब्जे में है उसको वापस लेने के लिए भारत सरकार क्या कार्यवाही करने जा रही है?

एक शिमला समझौता भी हुआ। शिमला समझौते में भी इस बात की चर्चा है कि भारत और पाकिस्तान आपस में बैठकर सारे विवाद को तय करेंगे। उसमें यह भी कहा गया , जो हुआ था शिमला समझौता शायद 2 जुलाई, 1972 को, कि:—

> "Both Governments will take all steps within their power to prevent hostile propaganda directed against each other. Both countries will encourage the dissemination of such informaiton as would promote the development of friendly relations between them."

भारत सरकार रोज कहती है कि यह जो हमारा और पाकिस्तान का विवाद है, यह शिमला समझौते के अंतर्गत तय होगा, लेकिन रोज सुबह से शाम तक चौबीस घंटे में इस शिमला समझौते का उल्लंघन पाकिस्तान कर रहा है। शिमला समझौते की जो आत्मा है, उसकी हत्या पाकिस्तान कर रहा है। इसके लिए भारत सरकार क्या कर रही है? शिमला समझौता 1972 में हुआ और आज हम लोग 1994 में पहुंच गए हैं, 22 साल बीत चुके है, विवाद हल नहीं हुआ बल्कि विवाद बढ़ता ही जा रहा है। मेरी अपनी समझ से आज की तारीख में शिमला समझौते की अब वह अहमियत नहीं रह गई है, जो अहमियत उस दिन थी, जिस दिन श्रीमती इंदिरा गांधी और श्री भुट्टो के बीच में यह समझौता हुआ था। मैं यह जानना चाहूंगा कि इस संबंध में अब भारत सरकार का क्या रुख है? क्या इस रुख को कुछ बदलने की भारत सरकार की स्थिति है अथवा स्थिति नहीं है?

डा० फारुख अब्दुल्ला अभी जिनेवा गए भारत सरकार के एक प्रतिनिधि की हैसियत से, ऐसा मैंने समाचार पत्र में पढ़ा। मैंने यह भी पढ़ा कि जो ह्युमन राइटस कमीशन है जिनेवा में, उसमें भारत सरकार के प्रतिनिधि के हैसियत से आप गए और वहां ह्युमन राइटस पर उन्होंने जाकर इस बात की चर्चा की कि 1953 से पूर्व की जो हालत थी जम्मू और कश्मीर की या 1952 की जो हालत थी उस हालत पर हमको जाना चाहिए।

> "Speaking to THE HINDU, Dr. Abdullah said he had urged the Government to announce the restoration of the 1952 Constitutional position in the State."

1952 में जम्मू और कश्मीर की क्या संवैधानिक स्थिति है, सब जानते है, उसको बताने की जरूरत नहीं है, इस संबंध में सभी दल जानते हैं। तो जब भारत सरकार के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप मे डा० फारुख अब्दुल्ला जिनेवा में जाकर के एक बात बोलते है तो मैं निश्चित रूप से गृह मंत्री से जानना चाहूंगा कि जब वह उत्तर देंगे तो इस संबंध में भी उनको उत्तर देना चाहिए, जो डा० फारुख अब्दुल्ला ने वहां जाकर अपनी राय दी जम्मू-कश्मीर के संबंध में कि 1952 की स्थिति मे हमको जाना चाहिए, इस पर भारत सरकार की क्या प्रतिक्रिया है? इस प्रकार के प्रचार से जम्मू और कश्मीर की स्थिति के बारे में अंतर्राष्ट्रीय जगत में हमारी स्थिति कमजोर होती है। बार-बार भारत सरकार का बयान आता है, गृहमंत्री जी का भी आता है, राज्यमंत्री जी का भी आता है, बोम्मई साहब ने जिसकी चर्चा भी की, कि जितने भी राजनैतिक दल है उनको बुलाएंगे, बुलाकर के बातचीत करेंगे, कश्मीर के संबंध में एक नीति तय करेंगे, कम से कम इस पर विचार विमर्श करेंगे।...

आपके प्रतिनिधि विदेश चले जाते है और विदेश जाकर के कश्मीर के संबंध में अपनी राय प्रकट करते हैं। तो क्यों नहीं भारत सरकार की ओर से। अगर भारत सरकार उनकी राय से सहमत नहीं है तो क्यों भारत सरकार की ओर से डा० फारुख अब्दुल्ला की राय के संबंध में आज तक कोई खंडन नहीं आया? मैं जानना चाहूंगा गृह मंत्री जी से कि इस संबंध में भारत सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

कश्मीरी पंडितों के संबंध में भी मैं कुछ कहना चाहूंगा क्योंकि बराबर उनके सम्मेलन दिल्ली में भी हो रहे हैं, जम्मू में भी हुए और यह सही है कि न केवल कश्मीरी पंडित बल्कि कश्मीर में जो माइनॉरिटीज़ के लोग है, वहां बहुसंख्या में हमारे मुसलमान भाई हैं और भी बहुत से लोगों को उसे छोड़कर, अपने-अपने घरों से भागकर के आना पड़ा है और उनकी एक समस्या भी है और वे लोग एक शरणार्थी की तरह से रह रहे हैं। भारत सरकार उनके लिए प्रबंध भी कर रही है और एक अलग राज्य की मांग भी करना शुरू कर दिया है कश्मीरी पंडितों ने। तो मैं यह जानना चाहूंगा कि कश्मीरी पंडित या वहां के मुसलमान भाई, वे वहां वापिस जाएं, जाकर के सुख-शांति से जीवन व्यतीत कर सकें, इसके संबंध मे भारत सरकार क्या रास्ता अपनाने जा रही है?

हिमालय क्षेत्र के लोगों की एक मोटी भाषा है, उनकी अपनी लिपि है, उनकी अपनी संस्कृति है, इसमें लद्दाख के लोग भी आते हैं। हमारी समझ से ये लोग गृह मंत्री से भी मिल चुके हैं कि जो हिमालय क्षेत्र के लोग है और जो मोटी भाषा बोलते हैं, उस भोटी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया जाए। गृह मंत्री ने शायद उनको उत्तर भी दे रखा है कि इस सारे प्रकरण की राष्ट्रीय विकास परिषद के पास भेजा गया है। तो मैं यह भी चाहूंगा कि भोटी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की उनकी जो मांग है, उनके संबंध में भारत सरकार का क्या रुख है, वह बताएं?

जहां तक अनुच्छेद 370 का संबंध है, इसके संबंध में मैं यह कहना चाहता हूं कि यह एक ऐतिहासिक आवश्यकता है, बहुत ही संवेदनशील विषय है और आज भी आवश्यकता है कि संविधान का जो अनुच्छेद 370 है, इनको न हटाया जाए। हमारे भारतीय जनता पार्टी के लोग इस बात को उठाते हैं, मैं उनसे अपील करना चाहता हूं कि आज यह संभव नहीं है कि अनुच्छेद 370 खत्म किया जाए। मैंने बहुत जानने की कोशिश की है, भारतीय जनसंघ के जो पहले अध्यक्ष थे— डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वे जिस समय श्री जवाहर लाल जी के साथ थे, उस समय संविधान के अनुच्छेद 370 के अंतर्गत कुछ आदेश पारित किए गए और निश्चित रूप से इस प्रकार के आदेश जब पारित किए गए होंगे तो वे मंत्रि-परिषद में भी गए होंगे, मंत्रि-परिषद में डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी मौजूद थे, उन्होंने कहीं उसका विरोध नहीं किया। तो मैं भारतीय जनता पार्टी वालों से अपील करना चाहता हूं कि वे आज इस विषय को न उठाएं, इसको टालें। आज समय की आवश्यकता है कि अनुच्छेद 370 रहना चाहिए।

.....(व्यवधान).....

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश): आप गलत जानकारी दे रहे हैं। डा० मुखर्जी ने विरोध किया है, वे कश्मीर गए हैं, वहीं मरे हैं।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: दैट वाज़ 1953, मैं 1952 की बात कर रहा हूं, वह 1953 में हुआ है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: वहां पर भी जवाहर लाल जी थे, उन्होंने विरोध किया। यह बात अलग है कि कैबिनेट से उठकर नहीं आए, लेकिन विरोध किया था उन्होंने।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: इन्हीं शब्दों के साथ, जो प्रस्ताव आया है, उस पर मैं अपने विचार समाप्त करता हूं।

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): The issue of Jammu and Kashmir has become an international issue by the propaganda that has been raised by Pakistan for the last five or six months. India's position has been consistent and clear right from the very beginning. We have been telling that Jammu and Kashmir is an integral part of India and the people who are living in Jammu and Kashmir are being treated well in this country. But Pakistan, for its political reasons, is trying to globalise the issue.

[Shri V. Narayanasamy]

The hon. Members from the other side and also from this side have been telling the background as to how the Simla Agreement was signed.

They have explained the background as to how the Simla Agreement had been signed. I would like to inform the House that even before signing the Simla Agreement, Mr. Zulfiquar Ali Bhutto told very clearly that as far as Kashmir issue was concerned he was prepared to wage war for thousand years. But later on he came down to India in 1972 and agreed to a settlement and the Simla Agreement came into force. At the time of signing the Simla Agreement he made it clear that it should be known to Pakistan and the younger generation of Pakistan that the Line of Actual Control was the actual line of peace. That was an observation made by Mr. Zulfiquar Ali Bhutto at the time of signing the Smila Agreement with the Government of India.

Sir, the Pakistan's attitude towards militancy, encouraging terrorism, sending militants into the Indian territory, and creating a law and order problem has been proved by our country in the international fourm through documentary evidence. In spite of that Pakistan has been playing a hide-and-seek game, providing weapons and money to militants. They are luring away the youth from Jammu and Kashmir and imparting them training and sending them back to our country to create a law and problem.

The ISI is a very active organisation in Pakistan. They are not only creating a law and problem in Jammu and Kashmir by pushing militants across the border but also they have started pushing militants through the Kutch, area because they have found it difficult to push the militants into our country through Punjab. Security has been tightened in Punjab. Security has been tightened in Rajasthan also. The other day there was a statement by the hon. Home Minister that their presence was felt in the State of Andhra Pradesh; and that they are having links with the Naxalite organisaitons. There were also reports that they are having links with the LTTE groups in Sri Lanka. Pakistan is raising the Kashmir issue in our bilateral negotiations, in the conference of the Organisation of Islamic Countries and in the UNO also consistently. In this conneciton, I would like to submit to the hon. Home Minister that we have been defending ourselves on this issue very well. We have been telling them that we would go by the Simla Agreement and we are not prepared to compromise on this issue. When Mrs. Benazir Bhutto came to power last time she had exhibited a soft line. But when she came to power some five or six months back, she went to the extent of saying that she would annex Kashmir to Pakistan. This is what she has said. The Foreign Minister of Pakistan says that they are prepared to wage nuclear war with India in order to annex Kashmir to Pakistan. They are making provocative statements.

SHRI CHATURANAN MISHRA: But India did not take up the matter in any fourm.

SHRI V. NARAYANASAMY: We have been taking up the issue in various fora. I would like to tell you as to what steps we have taken. I will advise you to read the statement given by Shri Salman Khursheed. He made a very strong statement not only on Pakistan but also on the United States role. His statement was strong. Perhaps you might have not read it.

SHRI CHATURANAN MISHRA: I want this issue to be raised in the United Nations.

SHRI V. NARAYANASAMY: We have raised it in the U.N. Human Rights Commission. Now we have started an aggressive campaign against Pakistan. I am very glad that Members of this House have also raised the issue of lobbying being done by Pakistan through individual agencies against India and urged the hon. Home Minister that India should also start the same thing....and the hon. Home Minister has acted upon it. The External Affairs Minister has also taken it up. As far as the U.S. is concerned,....(*Interruption*).... it is trying to enter into this controversy to aggravate the situation. Its Unde Secretary has given a statement that Kashmir is a disputed terrority. The Clinton Administration has been giving statements consistently against the interests of India. It has been supporting Pakistan either directly or indirectly. This has come in the wake of the vilification campaign perpetrated by Pakistan against India in various forums. Either the U.S. has been misled or it has been doing it for the purpose of confusing the whole issue. Now the position is very clear. India's stand is also made clear. The hon. Home Minister visited Jammu for the purpose of creating an atmosphere in which the political process can start there. I am very glad that the hon. Home Minister has addressed a political meeting. The hon. Minister of State for Home Affairs has also visiting Kashmir areas. He met people and discussed with them and tried to know their problems. I am very glad that, apart from that, they have created employment opportunities to the people of Jammu and Kashmir. In the Railway Security Force, more than 600 people have been employed. A Rs. 650-crore scheme is being brought and implemented there to create jobs in Central Government.

In the Administration, however, something more has to be done. As far as the Administration is concerned, people should have confidence. It is also a fact that advisers have been brought. They are taking all the possible steps to improve the situation. I am pained to see that the leaders there just say, "We are supporting the stand of the Government". To start the political process in the State, we want political leaders to emerge. But that is not happening. Whatever may be the number of political parties there, we find that only a few political parties are active there and the others are passive. If we want the political process to be restored there and if we want them to come back to the national mainstream, we have to conduct elections there. An atmosphere conducive to that should be created. To create such an atmosphere there, a lot more has to be done. The present situation is that Pakistan finds that its interference in the internal affairs of India by sending in militants is not yielding any result. Now it has approached the Human Rights Commission, in pursuit of its propaganda against India, by giving false affidavits, statements. It brought a resolution. I am very glad that none of the countries co-sponsored that resolution moved by Pakistan there.

We should also be firm about the Pakistan-occupied Kashmir. I am not saying anything beyond the record. Even the mother of Benazir Bhutto said that there was no democracy in Pakistan. Their own party cadres were killed and the issue was raised in the Pakistan Assembly. A country which has been violating the human rights of its own people goes to an international forum and says that in India there is violation of human rights in Kashmir people are being killed! That is the attitude of Pakistan. We have to take it up

[Shri Narayanasamy]

vigorously. Even the Minister of State for External Affairs who has gone there is putting forth India's case rightly. The situation is that now the stand of the Government of India has also changed. We have to claim the Pakistan-occupied Kashmir. Since we had been passive earlier, Pakistan felt that it could lay its claim on the entire Kashmir. Now the situaiton has changed and Pakistan should realise that there can be no dispute relating to the Kashmir issue. It is our internal problem. We can solve that problem by negotiations with our own people. Even the millitants.....*(time-bell)*. I will take only two more minutes. If they are willing to come forward to negotiate on the basis of the Simla Agreement, it is all right. Even if the militants are ready to negotiate within the framework of the Constitution, we can have negotiations with them in order to bring them into the national mainstream. Now, the situaiton has improved a lot and, in this context, it will not be out of place to say that all the naitonal leaders are supporting the Government in their endeavour to bring normalcy in Jammu and Kashmir. Broadly speaking, the aim and object of Pakistan is to create a law and order problem within our country. The USA is also helping Pakistan in creating this trouble. Therefore, I thank the leaders of all the political parties for standing behind this Government like a rock to solve the Kashmir problem. Sir, as far as the developmental activities are concerned, I would like to submit to the hon. Home Minister and even to the other Central organisations that further recruitments have to be made. The younger generations has to be granted employment opportunities and the developmental activities have to be started in Kashmir in a vigorous manner so that necessary development can take place and tourism can be developed in that area. Therefore, I support the Resolution moved by the hon. Home Minister and submit that wherever Pakistan goes and says that Kashmir is a disputed territory, we should not relent, but should fight this propoganda by using our diplomating sources and intermediary agencies so that Pakistan's sinister designs in creating a law and order problem in the name of Kashmir can be solved.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity to speak on the resolution moved by the Home Minister to extend the President's Rule in Jammu and Kashmir with effect from 3rd March, 1994. Sir, before I come to the subject, I want to tell the world at large that in spite of the differences that we have with the ruling party, if any menace comes from any quarter to disrupt the unity and integrity of this great nation, then we can forget our differences and cutting across party lines, we will stand as one man and fight against the menace that comes from the other countries. That is the message which should go to the country which wants to help terrorism, the country which talks of human rights while it is supplying arms and ammunition to the terrorists. This is a very peculiar situation that we are facing. As far as the Kashmir issue is concerned, I want to make a submission that in one way, I feel sorry that it has become a regular ritual to ask this House after every six months to grant permission to extend the President's Rule. Even though we are fighting against terrorism, still I feel that we have not succeeded to the extent we had expected. The resolution adopted at the 78th Plenary Session of the Indian National Congress at Tirupati during April 1992 states, and I quote:

"The Indian National Congress is confident that the Prime Minister, Shri P.V. Narasimha Rao, will soon initiate the process for the restoration of popular rule in Jammu and Kashmir." Our Prime Minister himself, when he spoke as the president of the Congress party in

Tirupati regarding Jammu and Kashmir, said, and I quote.

> "By the strenuous and patient efforts made by the Central and State Government in the past ten months, there are hopeful signs of a return to normalcy. It will need time but the right process has been set in motion. People's involvement in the affairs of the State is of the essence. I am confident that this will become possible sooner than later."

That means, to set the process in motion, to see that democracy is rooted deeper in Jammu and Kashmir, the involvement of the people is essential. That is what he quoted in his address at the seventy-ninth plenary session of the Indian National Congress. When he said "sooner than later", it was April, 1992. He said it on 14th, April, 1992. Now April, 1994 is going to come. That means, two years back it was said. But in these two years we are unable to deliver a popular Government to the people of Kashmir. What I feel is, we have failed in the process but we cannot give up a trial to what we are saying. What is the crux of the problem? When Kashmir was annexed in October, 1947, the people of Kashmir as well as the people of other parts of India felt that Kashmir was part and parcel of India, an integral part of India. This is a part, an inalienable part, of India but we are now anxious whether it is going to be retained with us or not; that is the problem because there was a conflict in the minds of the Congress people, whether they had to ensure control of the Congress, their own party or to develop the democratic process in Kashmir. That is the fight still going on in the mind of the Congress. The Congress has elected to ensure control over the party.

SHRI V. NARAYANASAMY: That is wrong. You are totally, thoroughly mistaken.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: Maybe, according to your own view.

We are talking about the unity and integrity of the country but at the same time you have not allowed a party to stand united there.

SHRI V. NARAYANASAMY: I feel sorry for that.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: Ultimately what happened is because it intervened in the internal affairs of the ruling party in Kashmir, automatically now it became a problem for the integration of the country itself. But anyhow, I feel happy whan I find that the diplomatic action ....(*interruption*).... Please don't interrupt ....(*interruption*).... No, I am not yielding for that ....(*interruption*).... DMK is a single monolithic party because since the time of its inception it has been retaining the same symbol of "Rising Sun". It has not changed its symbol. Till now, and always "Rising Sun" is the election symbol of DMK but the election symbol of the Congress has changed from decade to decade. That means, you are not a single monolithic party ....(*interruption*).... Please don't interrupt. But as far as DMK is concerned, ...(*interruption*)... I am not yielding ....(*interruption*)....

THE VICE-CHAIRMAN (SYED SIBTEY RAZI): Nobody will interrupt you but you try to conclude.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: Sir, this is an unncessary intervention, but I welcome it because I am not bashful for all these things.

Sir, I wanted to congratulate the diplomatic mission but he intervened. Ofcourse, our diplomatic activities succeeded to some extent and Pakistan was not able to find a co-sponsor to move the resolution, the human rights resolution, at Geneva; they could not find a co-sponsor. To that extent, our

[Shri S. Viduthalai]

diplomatic action, our diplomatic missionaries succeeded.

We have to congratulate them but at the same time.....

SHRI MENTAY PADMANABHAM (Andhra Pradesh): It means, you are supporting the Government.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: We are not supporting the Government. We must see everything in its perspective.

SHRI V. NARAYANASAMY: They are supporting the diplomats.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: And not the Congress.

The Deputy chairman *in the Chair*

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: Principally, we are opposing the Congress tooth and nail.

As far as this issue is concerned, Madam....

THE DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: The American citizens are with us. While the American citizens are with us, the US Government has failed to read the minds of their own countrymen. That is the problem with the USA. During the last four years....

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Virumbi, will you please give me one minute? We want the Minister to speak at 4 p.m. So, everybody has to be considerate. Will you please be considerate?

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: I hope you will also be generous. Madam, during the last four years, more than 7000 people have lost their lives in Kashmir in their battle against terrorism. I fear that unless and until the Government of India initiates the political process with a clearcut policy, it will continue for some more days to come. Whichever party comes to power in Kashmir, the democratic process should prevail there. That should be the motto. If you start the work with an ambition that the Congress only should take the reins of the State, it cannot solve the problem during this whole centuary. That is what I feel. The ruling party should keep it in mind.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You have to conlude. You have said the most important thing.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: Madam, give me only two minutes. I will conclude within two minutes. As far as the State autonomy is concerned, what I feel is, they are actually going against the principles. They themselves had propagated among the people before Independence. In the 1945 election manifesto, the Congress had advocated State autonomy. In 1947, in the Resolution moved by Pandit Jawaharlal Nehru in the Constituent Assembly, he advocated State autonomy. But at the time of making the Constitution, instead of making a real federation, it had degenerated into a quasi federation. Unfortunately, now it has become a unitary State. It is only creating problems. The Government cannot get the support of the people unless and until they are assured that their language, culture, etc. will be protected. Even today all the trains are stopped in Tamil Nadu....

THE DEPUTY CHAIRMAN: How have you come from Kashmir to Tamil Nadu? We cannot go across the whole country.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: All the trains were stopped in Tamil Nadu there is a specific instruction to the bank employees....(*interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: We will have discussion on Tamil Nadu. Please sit down.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: Madam, the Hindi language is being imposed by the Central Government... (*interruptions*). You just think over it.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: In the name of a particular language they are disintegrating the country. If you want to keep the country integrated and united, please don't try to impose the Hindi language on the non-Hindi speaking people.

THE DEPUTY CHAIRMAN: How does Hindi come into the picture? Mr. Virumbi, please sit down.

THE S. VIDHUTHALAI VIRUMBI: Apart from all these things, I want to say that the Kashmir problem can be solved if a real political process starts there.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I don't know whether we are discussing Jammu and Kashmir or some other State.

उपसभापति: विश्वजित सिंह जी, आप बोलेंगे क्या या मैं चतुरानन मिश्रा जी को बुलाऊं?

श्री विश्वजित पृथ्वीजित सिंह: जोशी जी बोल रहे हैं या नहीं बोल रहे हैं?

उपसभापति: उनका समय नहीं है। उनकी पार्टी का समय नहीं है। उनका तो समय है मगर उनकी पार्टी का समय नहीं है। आप बोलिये।

श्री चतुरानन मिश्र: किसको कह रही है;, हमको या उनको?

SHRI VISHVJIT P SINGH: Let him speak.

उपसभापति: आप जरा सुन लीजिये। आपके 6 मिनट हैं, आप 6 मिनट में ही बोलिये। टाइम नहीं है।

उपसभापति: बोलिये, आपका समय भी 6 मिनट है। Let me finish Mr. Chaturanan Mishra.

SHRI CHATURANAN MISHRA: Don't finish me, madam.

उपसभापति: यह मेरे हाथ में नहीं है। उनके हाथ में हैं जिन्हें आप मानते नहीं है।

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार): उपसभापति महोदया, मैं हर वक्त इस बात को तकलीफ से लेता हूं। जब कभी भी किसी राज्य में प्रेज़ीडेंशियल रूल एक्सटेंड करने की बात होती है तो मेरे लिए बड़ा ही पेनफुल विषय होता है और इस हाऊस के लिए यह और भी पेनफुल हैं क्योंकि यह हाऊस काऊंसिल आफ स्टेट्स है। लेकिन हमें यह बार बार करना पड़ता है और इस बार भी शायद यही करना पड़ेगा। अभी गृह मंत्री जी ने ट्रांस्पेरेंसी की बात की। उसका मैं स्वागत करता हूं। आपने इजाजत दी कुछ विदेशियों को या फारेन एजेंसियों के लोगों को वहां जाने की, यह एक अच्छी बात है। मैं चाहता हूं कि यह ट्रांस्पेरेंसी और भी एक्सटेंड की जाए। मेरी राय यह है कि जिनको आप जेलों में बिना मुकदमा चलाए रखे हुए हैं, कितने लोग रखे हुए हैं, एक तरफ हम ह्युमेन राइट्स की बात करते हैं और दूसरी तरफ बिना मुकदमा चलाए लम्बी अवधि तक जेलों में रखते हैं, यह अच्छी बात नहीं है। इस के बारे में भी आप ट्रांस्पेरेंसी कर दीजिये। मैं चाहता हूं कि जितने भी वहां टेररिस्ट आए हैं, उन्होंने जो हत्याएं की हैं, उनके परिवार वालों के बयान एकत्रित कीजिये। उन्होंने जितनी आगजनी की हैं, जितने रेप किये हैं, अपहरण किये हैं, इन सारी चीज़ों की सूची बना कर के उनके बयान ले कर के विश्वव्यापी बड़े पैमाने पर पूरा विवरण वितरित क्यों नहीं करते हैं। आज दुनियां में कोई देश ऐसा नहीं है जहां भारतीय लोग नहीं रहते हैं। कम से कम आप उन पर तो भरोसा कर सकते हैं, उनको तो यह विवरण दे सकते हैं। इतनी ट्रांस्पेरेंसी तो आप दिखलाएं। तब दुनियां वाले यह समझेंगे कि यह सिर्फ ह्युमेन राइट्स के वायलेशन की समस्या नहीं है, यह एक दूसरी समस्या भी है। इसलिए मैं चाहता हूं

[श्री चतुरानन मिश्र]

कि आपकी सरकार इस संबंध में पहलकदमी करे। मैं एक बात और कहना चाहता हूं। मैं सरकार के साथ जरूर हूं कश्मीर को भारत में रखने के लिए लेकिन आज जो अमरीका के सामने घुटने टेकते हैं, उनके हम एकदम खिलाफ हैं। मैं आपको सीधे तौर पर कह रहा हूं। मेरे विचार से सोवियत यूनियन जब टूट गया था तो इसके बाद अमरीकी पालिसी में थोड़ा विचार हो रहा था कि हम अब इस भारत दीप में कौन सी पॉलिसी अख्तियार करें, पुरानी नीति की तरह पाकिस्तान पर निर्भर रहे या भारत के साथ ज्यादा मैत्री करें। उन्होंने निर्णय कर लिया कि पाकिस्तान बहुत जरूरी है अरब देशों के तेल पर कब्जा करने के लिए और वही मददगार हो सकता है और भारत में जैसी डेमाक्रेसी है भारत उनका ज्यादा पिछलग्गु नहीं हो सकता है। इसलिए उन्होंने तय कर लिया पाकिस्तान के साथ जाने का। यह जब नयी घटना घटी है तब हम एक बात आप से पूछना चाहेंगे। श्रीमती राफ़ेल ने कोई अचानक बयान तो नहीं दे दिया....

उपसभापतिः कुमारी।

श्री चतुरानन मिश्रः कुमारी। असल में अमरीका में डिफिकल्टी होती है।

SHRI S.S. AHLUWALIA: She is not 'Kumari' She is a widow.

श्री चतुरानन मिश्रः इसमें नौजवान लोग ही मदद करें (**व्यवधान**) मैं तो इतना ही कहना चाहता था कि क्या सरकार इसको फ्रेंडली स्टेटमेंट समझती है किसी भी गवर्नमेंट से और बाद में उनके प्रज़ीडेंट क्लिंटन ने कहा कि The entire State of Jammu and Kashmir is a disputed territory and the instrument of Accession does not change that position. अगर आप इसको फ्रेंडली स्टेटमेंट समझते हैं तो यह बताइये नहीं तो आप क्यों नहीं अनफ्रेंडली एक्ट अमरीका का यह घोषित कर रहे हैं। यह हम को बता दीजिये। मैं चाहता हूं कि कश्मीर की समस्या को दो तरह से देखा जाए। एक सवाल तो यह है कि यह विदेशी हस्तक्षेप हो रहा है, इसको अलग से लीजिये। जो वहां की जनता हम से नाराज़ हो गई है, इसको अलग से लीजिये। दोनों को लेना पड़ेगा। अगर इसको आप अलग-अलग नहीं लेंगे और इनका निदान नहीं निकालेंगे तो समस्या का निदान नहीं हो सकता है। इसलिए पाकिस्तान की तरफ से जो दखलअंदाजी हो रही है और अमेरिका जो समर्थन करता है तो वह चाहता है कि भारत को हम तोड़ दें। सोवियत को उन्होंने तोड़ दिया। चीन पर हाथ लगाया है पर चीन अभी उनके हाथ में आने वाला नहीं है। हमारे यहां यह झंझट है इसलिए हमको तोड़ना चाहते हैं। यह अमेरिकन नीति है। उन्होंने अफगानिस्तान को तोड़ दिया। जो काश्मीर में लोग आये हुए है हंगामा मचाने के लिए इनमें से तो बहुतेरे क्रिमिनल्स है जिन्होंने अफगानिस्तान में काम किया था उनके कहने पर। यह सारी बात आप दुनिया के सामने रखते क्यों नहीं है। कमजोरी क्योंकि दिखलाते हैं। फिर पाकिस्तान का जो मामला है उसको अलग से लीजिए।

मैं अभी कुछ चर्चा करूंगा जो हमारी कमजोरी है उसकी। क्यों काश्मीर की वही जनता जिसने हथियार उठा लिये थे जिन्ना साहब के खिलाफ वह आज हमारे खिलाफ ऐसा कर रही है? क्या कारण है? कुछ तो कारण होगा। तो हम उस कारण पर जाना चाहते हैं हम आपसे कहना चाहेंगे कि हम तो आर्टिकिल 370 के पक्ष में है ही। मैं चाहूंगा कि जोशीजी भी नई परिस्थिति में जब एक अमेरिकन साम्राज्यवादी इस देश को तहस नहस करना चाहते हैं तब उसमें मदद करें... (**व्यवधान**) हम सोचते है मदद करें। अब आपका दूसरा ख्याल हो सकता है। तो हम लोग सब मिलकर एक नयी परिस्थति पर गम्भीरता से विचार करें। अब काश्मीर में इनकी भी पार्टी कुछ नहीं है जहां तक वैली का ताल्लुक है। पांच सौ आदमियों का नाम भी नहीं ले सकते हैं, यह इनकी स्थिति है। हमारे भी बहुत कम टटपूंजिया डिटेल्स हैं। एक तो मुख्य तौर से नेशनल कांफ्रेंस के लोग और दूसरे पुराने कांग्रेसी लोग हैं। कांग्रेस के लोगों पर से विश्वास इसलिए उठ गया है कि आपने ट्रांसपैरेंसी की बात कही। मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि काश्मीर की जनता को यह विश्वास होना चाहिए कि आप वहां फिर इलेक्शन होने देंगे क्योंकि भूतकाल में आपने कभी री इलेक्शन नहीं होने दिये। उन्होंने सोचा इलेक्शन के जरिये हमारी समस्या का निदान नहीं होगा तो उन्होंने हथियार उठा लिये, बगावत पर आ गये जैसे कि दूसरी जगहों में हुआ। इसलिए पहली बात यह है... (**समय की घंटी**) मैं दो तीन मिनट और आपका समय चाहूंगा।

दूसरी बात में कहना चाहूंगा कि उन लोगों को समझाने में नेशनल कान्फ्रेंस और पुराने कांग्रेसी लोग ही होंगे। दोनों कह रहे हैं कि हम लोगों को आप कुछ तो दीजिए जिसको ले जा कर पब्लिक को कहें कि यह हम आपके लिए लाये हैं नयी परिस्थितियों के अंदर। ये

दिल्ली एग्रीमेंट में जाना चाहते हैं जो इंदिराजी और शेख साहब के बीच में हुआ था। अगर बीच में आपने कुछ ऐसा कर दिया है। कौन सी ऐसी बात है जिसको लेकर आप नहीं कर पाते हैं। यह जो ट्रांसपैरेंसी और पोलिटिकल साल्यूशन कहते हैं तो कंट्री में भी एकमत होना चाहिए कि हम कौन कौन से अधिकार देंगे क्या करेंगे। वे क्या चाहते हैं और क्या लेकर जायेंगे तो वहां की जनता स्वागत करेगी। नहीं तो सिर्फ आर्मी के बल से कश्मीर को आक्यूपेशन में रखना अभी संभव हो सकता है, हम यह नहीं कहते हैं कि यह नहीं होगा लेकिन अनन्त काल तक यह दुनिया में होने वाली बात नहीं है कि आप आर्मी को लेकर किसी देश को या किसी हिस्से को दबाकर रखिए। इसलिए इस पर गम्भीरता से आपको विचार करना चाहिए कि कैसे हम इसको करें।

आपने ह्यूमन राइट कमीशन बनाया। यह बहुत अच्छा काम किया। कुछ लोगों ने कहा कि अमेरिका के दबाव में किया है। हम वह आपको नहीं कहना चाहते हैं। हम कहते हैं कि आपने उसको स्वतंत्र किया है और उसका चेयरमैन एक चीफ जस्टिस को बनाया है। लेकिन एक दो बातें और आपके सामने रखना चाहता हूं। कोई आप पेशकदमी भी लीजिए। आपने कहा कि परिस्थिति में अच्छी ओर परिवर्तन हुआ है। तो क्या यह संभव है कि आप वहां एक महीने के अंदर यूनिलैट्रली सीज फायर डिक्लेयर करें और कहें कि हम मामला सुलझाना चाहते हैं आप लोग आइये हमसे बात करिये। क्या यह संभव है कि आप यह डिक्लेयर करें।

विदेशी आये हुए हैं, वैसे तो इसमें कंट्रोवर्सी है। हजरत बल के केस में कुछ लोगों को आपने छोड़ दिया मैं उस कंट्रोवर्सी में नहीं जाना चाहता हूं। लेकिन कुछ विदेश के लोग आये हुए हैं कुछ ऐसी खबरें मिली है कि हजरत बल की इंसीडेंट जो हुई है उसके बाद वे समझने लगे हैं कि इस्लाम के लिए झगड़ा नहीं है। अगर इस्लाम के लिए रहता और भारत हिन्दू राष्ट्र है तो हजरत बल के मामले में दूसरी तरह से कार्यवाही करता या उसको डिस्ट्राय कर देता। उन लोगों की भी यह धारणा बनी कि नहीं ऐसा नहीं। तो इसलिए वे लौट जाना चाहते हैं। क्या उनके लिए भी आप ऐसा कर सकते हैं? सिक्योरिटी एंड मे यह पासिबुल है या नहीं है? मैं चाहता हूं कि आर्मी या दूसरी सिक्योरिटी को तो आपको टाइटेन करना चाहिए। मैंने आपसे कुछ ही महीने पहले कहा था कि इस जाड़े के दरम्यान ही यह काम खत्म कर लीजिए और गर्मी से एक दूसरा अध्याय शुरू कर दीजिए। अगर आप इलेक्शन की बात सोचते हैं तो मैं चाहूंगा पहले वहां पंचायत इलेक्शन करवाकर हम लोगों को दिखलाये कि वहां के लोगों ने हिस्सा तो लिया। ऐसा न हो कि आप इलेक्शन करवायें और उनका टोटल बायकाट हो जाये जो और भी हास्यास्पद है। इसलिए मैं चाहूंगा कि जहां एक्स्ट्रीमली डिस्टर्ब एरिया है उसको छोड़ करके पहले पंचायत इलैक्शन करवा लीजिए, लोक सभा की जो सीटें बाकी हैं उसके इलैक्शन करवा लीजिए, इसके बाद आप असेंबली इलैक्शन के लिये जाइये, क्योंकि मैं फर्मली विश्वास करता हूं कि जब तक वहां पापुलर गवर्नमेंट नहीं बनेगी जैसे पंजाब में हुआ तब तक वहां के सवाल को टैक्ल नहीं किया जा सकता है, आप कितना ही अच्छे से अच्छा आफिसर देंगे या अच्छे से अच्छे आदमी को पोलिटीकल एडवाइजर बनायेंगे, वह सब रिप्लेसमेंट नहीं हो सकता है पापुलर गवर्नमेंट का, यह समझ लेना चाहिए और इसीलिए कौंसिल आफ्स्टेट का यह कर्तव्य है कि उनके इन अधिकारों की रक्षा के लिए मांग करे। यह पहले इसको कीजिए। समय नहीं है। धन्यवाद।

WELCOME TO HIS EXCELLENCY DR. EGON A. KLEPSCH, PRESIDENT OF THE EUROPEAN PARLIAMENT

THE DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members I have an announcement to make.

We have with us, seated in the special Box, His Excellency Dr. Egon A. Klepsch, President of the European Parliament and Mrs. Anita Klepsch, currently on a visit to our country as our honoured guests.

On behalf of the Members of the House and on my own behalf, I take pleasure in extending a hearty welcome to our distinguished guests and wish them an enjoyable and fruitful stay in our country. Through them we convey our